भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
11, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001
फोन : 23005700, फैक्स : 23005787

दिनांक : 21 फरवरी, 2013

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह द्वारा हैदराबाद बम धमाकों पर दिया गया वक्तव्य

आज हैदराबाद में जो बम धमाकों की घटना घटी है वह दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। मुझे यह जानकारी प्राप्त हुई है कि हैदारबाद में हुए बम धमाकों में कई लोगों की जानें गई हैं एवं बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। इस घटना में मारे गए लोगों के शोक संतृप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं तथा घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

हैदराबाद में हुए ये बम धमाकें आतंकवादियों के द्वारा देश को दी जाने वाली एक चुनौती हैं। मैं आशा करता हूं कि सरकार इस घटना की विस्तृत जांच कराएगी व दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी।

(ओम प्रकाश कोहली)
मुख्यालय प्रभारी